तीसरी अनुसूची

(धारा 62 देखिए)

सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम की पहली अनुसूची में,—

(1) अध्याय 24 के शीर्ष 2402 में,—

(i) टैरिफ मद 2402 20 30 के सामने आने वाली स्तंभ (2) में की प्रविष्टि के स्थान पर, "---60 मिलीमीटर से अनधिक की लम्बाई की फिल्टर वाली सिगरेट (जिसमें फिल्टर की लम्बाई सम्मिलित है, फिल्टर की लम्बाई 11 मिलीमीटर या उसकी वास्तविक लम्बाई, इसमें से जो भी अधिक हो)" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(ii) टैरिफ मद 2402 20 40 के सामने आने वाली स्तंभ (2) में की प्रविष्टि के स्थान पर, "---60 मिलीमीटर से अधिक किन्तु 70 मिलीमीटर से अनधिक की लम्बाई की फिल्टर वाली सिगरेट (जिसमें फिल्टर की लम्बाई सम्मिलित है, फिल्टर की लम्बाई 11 मिलीमीटर या उसकी वास्तविक लम्बाई, इसमें से जो भी अधिक हो)" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(iii) टैरिफ मद 2402 20 50 के सामने आने वाली स्तंभ (2) में की प्रविष्टि के स्थान पर, "---70 मिलीमीटर से अधिक किन्तु 75 मिलीमीटर से अनधिक की लम्बाई की फिल्टर वाली सिगरेट (जिसमें फिल्टर की लम्बाई सम्मिलित है, फिल्टर की लम्बाई 11 मिलीमीटर या उसकी वास्तविक लम्बाई, इसमें से जो भी अधिक हो)" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(iv) टैरिफ मद 2402 20 50 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित टैरिफ मद और प्रविष्टियां अंतःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

टैरिफ मद	**माल का वर्णन**	**इकाई**	**शुल्क की दर**	
			मानक	**अधिमानी क्षेत्र**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
"2402 20 60	---75 मिलीमीटर से अधिक किन्तु 85 मिलीमीटर से अनधिक की लम्बाई की फिल्टर वाली सिगरेट (जिसमें फिल्टर की लम्बाई सम्मिलित है, फिल्टर की लम्बाई 11 मिलीमीटर या उसकी वास्तविक लम्बाई, इसमें से जो भी अधिक हो)	संख्या हजार में	30%	-";

(2) अध्याय 27 में,—

(क) उपशीर्ष 2712 20 और टैरिफ मद 2712 20 10 और 2712 20 90 और उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित मद और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

टैरिफ मद	**माल का वर्णन**	**इकाई**	**शुल्क की दर**	
			मानक	**अधिमानी क्षेत्र**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
"2712 20 00	---पैराफिन मोम, जिसमें तेल के भार के रूप में तेल का अंश 0.75% से कम हो	कि.ग्रा.	10%"	- " ;

(ख) टैरिफ मद 2712 90 30 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित टैरिफ मद और प्रविष्टियां अंतःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

टैरिफ मद	**माल का वर्णन**	**इकाई**	**शुल्क की दर**	
			मानक	**अधिमानी क्षेत्र**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
"2712 90 40	---पैराफिन मोम, जिसमें तेल के भार के रूप में तेल का अंश 0.75% या उससे अधिक हो	कि.ग्रा.	10%	- " ;